# म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

## M.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY, GWALIOR

CELEBRATING 121 YEARS MPCCI

https://mpcci.in

# eअर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका



**AUGUST 2026**


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- वर्ष : 29, अंक : 02

# केंद्रीय संचार मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से चेम्बर पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

## विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर किया आग्रह



केंद्रीय संचार मंत्री – श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से MPCCI के पदाधिकारियों ने नई दिल्ली में दिनांक 6 अगस्त को सौजन्य भेंट कर, ग्वालियर एवं प्रदेश के व्यापार, उद्योग तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

पदाधिकारियों ने ग्वालियर में प्रस्तावित ''टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन'' (TMZ) की पहल के लिए माननीय केंद्रीय संचार मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए, उन्हें चेम्बर में आमंत्रित किया। साथ ही, आग्रह किया कि TMZ की संभावनाओं एवं निवेश के अवसरों की विस्तृत जानकारी उद्योगपतियों एवं व्यापारियों को उपलब्ध कराने हेतु चेम्बर में विशेषज्ञों के साथ एक कार्यशाला आयोजित कराई जाए।

बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने ग्वालियर में जीएसटी कमिश्नरेट की स्थापना की स्वीकृति शीघ्र प्रदान कराने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त, शहर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ''पासपोर्ट सेवा केंद्र'' की स्थापना तथा एलटीटी–हरिद्वार एक्सप्रेस का ग्वालियर में ठहराव सुनिश्चित कराने का भी आग्रह किया।

इस अवसर पर केंद्रीय संचार मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति को शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नई टीम ग्वालियर अंचल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। आपने कहा कि ''टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन'' ग्वालियर–चंबल संभाग के लिए एक बड़ी सौगात है। इससे नए उद्योगों की स्थापना के साथ रु. 5000 करोड़ से अधिक का निवेश तथा 10 हजार से अधिक नए रोजगार सृजित होंगे। आपने इससे संबंधित जानकारी उद्योग एवं व्यापार जगत को उपलब्ध कराने के लिए विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करने की जानकारी दी। साथ ही, इसी क्रम में शीघ्र ही 'चेम्बर भवन' में विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक कार्यशाला के आयोजन की बात कही।

श्रीमंत सिंधिया जी ने ग्वालियर में जीएसटी कमिश्नरेट की स्थापना, आधुनिक पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना तथा एलटीटी–हरिद्वार एक्सप्रेस के ग्वालियर में ठहराव के संबंध में भी उचित कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष–सुरेश बंसल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–दीपक पमनानी एवं कोषाध्यक्ष–मनोज अग्रवाल उपस्थित थे।

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक दि. 11-12 अगस्त 2026 को मुंबई में आयोजित

## बैठक में मानसेवी सचिव-श्री दीपक अग्रवाल हुए शामिल







फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 11-12 अगस्त 2026 को होटल ट्राइडेंट, नरीमन पॉइंट, मुम्बई में आयोजित की गई ।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर-श्री संजय मल्होत्रा एवं फिक्की के राष्ट्रीय अध्यक्ष-श्री अनंत गोयनका द्वारा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया गया।

उक्त बैठक में "Winning in the AI Era : The New Playbook for Indian Banks" विषय पर फिक्की एवं इंडियन बैंक्स एसोसिएशन द्वारा बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते हुए प्रभाव, नई तकनीक एवं भविष्य की बैंकिंग व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया।

उपरोक्त आयोजित कार्यक्रमों में, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, फिक्की की ''राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य'' के रूप में शामिल हुए ।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर 'चेम्बर भवन' पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया 'ध्वजारोहण'






80वें 'स्वतंत्रता दिवस' के राष्ट्रीय पर्व पर म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा 'चेम्बर भवन' पर ध्वजारोहण किया गया ।

इस अवसर पर आपने सदस्यों को 80वें 'स्वतंत्रता दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम अपने देश का 80वाँ 'स्वतंत्रता दिवस' मना रहे हैं । हमारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् जो वर्ष 1875 में बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा रचित किया गया था, उसका हम 150वाँ वर्ष मना रहे हैं । आज हमने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया है । हमारे राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंग-जिसमें केसरिया रंग, भारत के शौर्य, सफेद रंग, शांति एवं हरा रंग, समृद्धि का प्रतीक है । तिरंगे पर चक्र में दी गई 24 लाइनों में से प्रत्येक लाइन हमारे देश की अद्भुत विशेषताओं को दर्शाती है । जब हम राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हैं तो इस बात की भी शपथ लेते हैं कि देश की आन, बान, शान के लिये आवश्यकता पड़ने पर अपना बलिदान देने को तैयार रहेंगे और देश में अमन के साथ समृद्धि लाने का कार्य करेंगे ।

आपने इस अवसर पर कहा कि हम उन स्वतंत्रता सैनानियों को भी नमन करते हैं, जिन्होंने अपना जीवन, न्यौछावर कर हमें आजादी दिलाई और उनके बलिदान से ही हम आज 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं । आज हमारा देश भारत तेजी से आर्थिक शक्ति के रूप में अग्रिम पंक्ति में स्थान बना रहा है । आत्मनिर्भरता में भी हम तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं । 2025 में ऑपरेशन सिंदूर में हमारी स्वदेशी मिसाइलों ने दुश्मन देश के छक्के छुड़ा दिए थे । हम टेलीकॉम के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनने जा रहे हैं। देश का पहला टेलीकॉम मेन्युफेक्चरिंग जोन चेम्बर संस्थापक राजवंश के मुखिया केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया के



अथक प्रयासों से ग्वालियर में स्थापित होने जा रहा है । हम सभी को आधुनिकता को अंगीकार करते हुए एकता के साथ आर्थिक क्रांति में कदम से कदम मिलाना होगा । चेम्बर की नई टीम इस बात के लिए तत्पर है कि आप इस दिशा में आगे बढ़ें और इस दिशा में आ रही परेशानियों के लिए शीघ्र ही एक हेल्पलाईन की शुरूआत म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री में की जाएगी ।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युग एआई का है । हम सभी को समय के साथ अपने आपको अपडेट करना होगा । हमें एआई से दूर नहीं भागना है, बल्कि इसके ड्रॉबैक को समझते हुए, हमें एआई को अपने व्यापार-उद्योग में प्रयोग करना होगा ।

कार्यक्रम के अंत में आभार, संयुक्त अध्यक्ष-सुरेश बंसल द्वारा व्यक्त किया गया । इस अवसर पर उपाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-दीपक पमनानी, कोषाध्यक्ष-मनोज अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष-डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, पूर्व संयुक्त अध्यक्ष-श्री यश कुमार गोयल, पूर्व उपाध्यक्ष-श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्री राधाकिशन खेतान, श्री पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-श्री पीताम्बर लोकवानी, श्री जगदीश मित्तल, श्री पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष-श्री अजीत सचेती, श्री गोकुल बंसल, श्री वसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण एवं चेम्बर सदस्यगण उपस्थित थे ।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक के महत्वपूर्ण निर्णय

कार्यकारिणी समिति की दिनांक 8 अगस्त 2026 को आयोजित बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय निम्नानुसार हैं:-

* निवर्तमान पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति सदस्यों का अभिनन्दन किया गया ।
* निर्वाचन अधिकारी–सीए अशोक विजयवर्गीय जी से प्राप्त प्रतिवेदन पर विचार कर, अध्यक्ष महोदय ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी द्वारा जो अनुशंसाएं की गई हैं, उन्हें हम तत्काल कर सकते हैं, वहीं कुछ अनुशंसाएं संविधान का पार्ट हैं और कुछ अनुशंसाएं कार्यकारिणी समिति में ले जाने का पार्ट हैं । मेरे मतानुसार जो फोटो एवं उपनाम की अनुशंसा है, तो उसके लिए हमें एक संदेश बनाकर तत्काल सदस्यों को सूचित करना चाहिए कि जो लोग अपने फोटो चेंज कराना चाहते हैं या अपना उपनाम जुड़वाना चाहते हैं, तब उसके लिए तीन वर्ष का इंतजार न करते हुए, अभी से अपने रिकॉर्ड को अपडेट कर लेना चाहिए । साथ ही, जो संविधान से संबंधित अनुशंसाएं हैं, उन्हें हम संविधान संशोधन उपसमिति, फिर कार्यकारिणी समिति और असाधारण सभा में लेकर आएँगे और जो अनुशंसा की हैं, उसको आगामी कार्यकारिणी समिति में ले जाकर उस पर विचार कर, निर्णय लिया जाएगा ।
* निर्वाचन अधिकारी–सीए अशोक विजयवर्गीय जी द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति सदस्यों को प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए ।

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# नाप-तौल अधिनियम में प्रस्तावित शुल्क वृद्धि एवं नियमों में परिवर्तन पर चर्चा आयोजित

## प्रस्तावित फीस वृद्धि पर व्यापारियों ने जताई चिंता

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग म. प्र. को आपत्ति भेजना का हुआ निर्णय



नाप-तौल अधिनियम में प्रस्तावित शुल्क वृद्धि एवं नियमों में परिवर्तन को लेकर दिनांक 18 अगस्त को स्थानीय व्यवसाईयों के साथ चर्चा का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया।

बैठक में स्वागत उद्बोधन देते हुए अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग म. प्र. द्वारा मध्यप्रदेश विधिक मापविज्ञान नियम, 2011 में संशोधन का प्रारूप दिनांक 31 जुलाई को मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित कर, आपत्तियाँ एवं सुझाव 30 दिवस में मांगे गए हैं। इस प्रारूप में प्रस्तावित संशोधन पर चर्चा हेतु आज यह बैठक आयोजित की गई है। आज आप सभी के सुझावों को संकलित कर, इस पर शीघ्र ही आपत्तियाँ प्रेषित की जाएँगी और यह आपत्तियाँ मध्यप्रदेश के समस्त चेम्बर्स के माध्यम से प्रेषित करने का आव्हान किया जाएगा।

बैठक में व्यापारियों ने कहा कि प्रस्तावित संशोधनों में रजिस्ट्रेशन शुल्क विनिर्माता के लिये रु. 1,50,000/-, व्यापारी के लिये 1 लाख एवं मरम्मतकर्ता के लिये 50 हजार रूपये प्रस्तावित किया गया है, जो कि चिंतनीय है क्योंकि म. प्र. के पड़ौसी राज्य उत्तरप्रदेश में यह फीस विनिर्माता के लिये रु. 7500/- व्यापारी व मरम्मतकर्ता के लिये रु. 1500/- निर्धारित है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में विनिर्माता के लिये रु. 10 हजार तथा व्यापारी व मरम्मतकर्ता के लिये रु. 1000 रूपये है। राजस्थान में यह फीस क्रमशः 25 हजार एवं 10 हजार रूपये है।

बैठक में व्यापारियों ने कहा कि म. प्र. में उक्त राज्यों से कई गुना फीस अधिक प्रस्तावित की गई है, जो कि अनुचित है। बैठक में तय किया गया कि रजिस्ट्रेशन फीस सहित अन्य प्रावधानों में सुधार हेतु शीघ्र ही खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग म. प्र. को आपत्तियाँ भेजी जाएगी।

बैठक का संचालन, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया।

बैठक में संयुक्त अध्यक्ष-सुरेश बंसल, उपाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण-सर्वश्री नरेश खण्डेलवाल, संजय मंगल, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुकेश जैन, राकेश कुमार गोयल, सुरेन्द्र अग्रवाल, दीपक बंसल, शंकरलाल गाबरा, अंकुर अग्रवाल, मनोज सरावगी, दिलीप खण्डेलवाल, राजेश बांदिल (मनीष), राहुल गोयल आदि उपस्थित थे।

# ''प्रथम टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन'' पर कार्यशाला आयोजित

## 10 हजार करोड़ का निवेश एवं 20 हजार रोजगार सृजित करेगा, टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन : श्री अनिल कुमार भारद्वाज, उप महानिदेशक, दूरसंचार विभाग




150 करोड़ के निवेश प्रस्ताव के साथ ग्वालियर में देश के पहले ''टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन'' पर दिनांक 20 अगस्त को एक कार्यशाला का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया । कार्यशाला में दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के उपमहानिदेशक-श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सहायक महानिदेशक-श्री ताबिश जावेद एवं कार्यकारी निदेशक, एमपीआईडीसी-श्रीमती अनीषा श्रीवास्तव उपस्थित थीं ।

इस अवसर पर दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के उपमहानिदेशक-श्री अनिल कुमार भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि दूरसंचार में मैन्युफेक्चरिंग का वैश्विक व्यापार 636 बिलियन डॉलर अर्थात् 63 लाख करोड़ रूपये का है, जबकि हमारे देश का इसमें हिस्सा केवल 63 हजार करोड़ का है, जो कि दुनिया का सिर्फ 1% हिस्सा है । केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी ने जून 2024 में जब इस विभाग का प्रभार संभाला, तब हमने उनसे इस संबंध में चर्चा की । जून-2024 से जुलाई-2026 में उनके स्वप्न से आज हम यहाँ खड़े हैं । दि. 30 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार के बीच इस टेलीकॉम मेन्युफैक्चरिंग जोन का एमओयू हो गया है । हम, 170 एकड़ भूमि के साथ इस प्रोजेक्ट को शुरू कर रहे हैं और पहले इसको सफल बनाने का प्रयास कर रहे हैं । इसमें तकरीबन 10 हजार करोड़ रूपये का निवेश प्रस्ताव एवं 20 हजार रोजगार इससे सृजित हों, इसके लिए योजना बनाई है और यह लक्ष्य लिखित में है। इसको अचीव करने में हम सभी की भागीदारी आवश्यक है । यह हवाई योजना नहीं है, इसमें कौन सी कंपनियाँ आएँगी, कितना निवेश होगा । इसके लिए प्रयास विगत डेढ़ वर्ष से जारी हैं और आज मेरे ग्वालियर प्रवास के साथ ही 30 निवेशक आए थे, जिन्होंने जमीन का भ्रमण किया है और वे 3 हजार करोड़ रूपये निवेश के लिए तैयार हैं । एक बच्चे के पालन-पोषण की जो आवश्यकताएँ होती हैं, उसी प्रकार इस प्रोजेक्ट को भी देखभाल की आवश्यकता है।



आपने कहा कि ग्वालियरवासी इस प्रोजेक्ट में लोकल पार्टनर बन सकते हैं। ग्वालियरवासी अपनी रुचि इसमें दिखाएँगे, तो निवेशक भी आपके साथ कार्य करेंगे । आप इस प्रोजेक्ट के लिए तैयार रहें, आप इसमें कहीं न कहीं पार्टनर, एसोसिएट, सप्लायर एवं वेल्यू चैन पाटर्नर बनेंगे ।

एमपीआईडीसी की कार्यकारी निदेशक-श्रीमती अनीषा श्रीवास्तव ने ''टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन'' (TMZ) पर पॉवर पॉइंट प्रजेन्टेशन देते हुए, कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स को इस कार्यशाला के लिए बहुत बधाई बहुत सही समय पर आपने इस कार्यशाला का आयोजन किया है । इस परियोजना की सफलता के लिए यह फर्स्ट स्टेप है । आपने कहा कि टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन देश के हृदय राज्य मध्यप्रदेश में स्थापित होने जा रहा है । इस प्रोजेक्ट के लिए एमपीआईडीसी एग्जिक्यूटिव बॉडी है । इस प्रोजेक्ट में मध्यप्रदेश सरकार की 51% एवं केन्द्र सरकार की 49% हिस्सेदारी रहेगी । इसके लिए केन्द्र सरकार से हमें 493 करोड़ रूपये का राशि मिल रही है । इस प्रोजेक्ट में हम वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने जा रहे हैं । टीएमजेड का पहला फेज-ए के लिए ग्वालियर के आईटी पार्क, गारमेंट के पास तथा फेज-बी 'साडा' रीजन में विकसित करने का प्रस्ताव है । निवेशकों को इसके लिए भूमि 1/- रूपये प्रीमियम पर दी जा रही है । लीज रेंट 1/- रूपये वर्गमीटर 30 वर्ष के लिए रहेगा । बिजली पर सरकार 2/- रूपये प्रति यूनिट की रिबेट 5 वर्ष तक देगी । सरकार का प्रयास है कि निवेशकों को आधारभूत सुविधाओं की बजाए आरएंडडी एवं इंवेस्टमेंट साइज पर फोकस रहे । टीएमजेड के लिए 50% कैपिटल सब्सिडी अधिकतम 200 करोड़ रूपये दी जाएगी ।

आपने कहा कि टीमएमजेड से ग्वालियर वासियों को लाभ हो, हमारे यूथ जो प्रदेश से बाहर जा रहे हैं, उनका पलायन रूके। इसके लिए रोजगार के पोटेंशियल बढ़ाना आवश्यक है, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा 5 हजार रूपये प्रति कर्मचारी के मान से वेतन एवं 13 हजार रूपये के मान से ट्रेनिंग सपोर्ट भी टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन में दिया जाएगा ।

कार्यशाला के प्रारम्भ में अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि निवेश पर चेम्बर की इस नवनिर्वाचित टीम का यह पहला बड़ा एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम है । इस कार्यशाला की रूपरेखा नवनिर्वाचित टीम जब दूरसंचार विभाग एवं इस संस्था के संस्थापक परिवार के मुखिया-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से मिलने नई दिल्ली गई थी, उसी समय बनी थी । भारत का पहला टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन ग्वालियर में स्थापित होना, हम सबके लिए सौभाग्य की बात है ।

आपने कहा कि देश के पहले टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन की पहली कार्यशाला 'चेम्बर ऑफ कॉमर्स' में हुई यह भी इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है । यह कार्यशाला व्यापारिक एवं औद्योगिक विकास की अपार संभावनाओं वाली कार्यशाला है । आज हम टीएमजेड की प्रस्ताव को जानेंगे और इस पर लगातार बैठकें अलग-अलग सेक्टर के साथ की जाएंगी और प्राप्त सुझाव व आवश्यकताओं को संकलित कर, दूरसंचार विभाग को पहुंचाया जाएगा। टीएमजेड पर यह कार्यशाला शुभारम्भ है और जब तक यह पूर्णत: विकसित नहीं हो जाता, तब तक चेम्बर ऑफ कॉमर्स लगातार इस पर कार्य करेगा । इसके लिए भारत सरकार के साथ केन्द्रीय मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया के प्रति हम, आभार व्यक्त करते हैं ।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि जब चेम्बर पदाधिकारी-केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से मिले हमने उनसे आग्रह किया कि टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन की जानकारी चाहिए, तो श्रीमंत सिंधिया जी ने हमारे अनुरोध को स्वीकार कर, तुरंत इस कार्यशाला की तिथि निर्धारित की । 'साडा' क्षेत्र में इसकी स्थापना से ग्वालियर अंचल को इसका लाभ अवश्य ही मिलेगा ।

इस अवसर पर 150 करोड़ रूपये के प्रस्ताव सौंपे : ज्योरथ वेंचर्स इंटरनेशनल के सीईओ-श्री प्रमोद यादव एवं आईकैम्प के श्री अंशुल एस. सक्सेना द्वारा दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के उपमहानिदेशक-श्री अनिल कुमार भारद्वाज एवं एमपीआईडीसी की कार्यकारी निदेशक-श्रीमती अनीषा श्रीवास्तव को सौंपे ।

बैठक का संचालन, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा तथा आभार मानसेवी संयुक्त सचिव- दीपक पमनानी द्वारा व्यक्त किया गया । बैठक में कोषाध्यक्ष-मनोज अग्रवाल, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिवद्वय-श्री पीताम्बर लोकवानी, श्री जगदीश मित्तल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन भी किया गया :-

सवाल : श्री देवांग लहारिया ने पूछा कि लैब्स के लिए तो आप ''प्लग-एन प्ले'' फैसिलिटी दे रहे हैं क्या मशीन एवं उपकरण की कॉस्ट भी विभाग द्वारा कवर किया जा रहा है ।

जबाव : कार्यकारी निदेशक-श्रीमती अनीता श्रीवास्तव ने कहा कि टेस्टिंग लैब के साथ ही अलग इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जाएगा, जिसका आप यूटिलाइजेशन कर सकते हैं ।

सवाल : श्री अजय चोपड़ा जी ने पूछा कि इस प्रोजेक्ट के शुरू करने के पूर्ण होने के कोई टाइमलाइन निर्धारित की गई है।

जबाव : कार्यकारी निदेशक-श्रीमती अनीता श्रीवास्तव ने कहा कि लैण्ड अलॉटमेंट का कार्य आगामी 3-4 माह में प्रारंभ हो जाएगा । पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर एक से दो वर्ष में तैयार हो जाएगा ।

इसके साथ ही, सर्वश्री राहुल शर्मा, मनोज चौरसिया, आशीष जैन, पारस जैन, समीर अग्रवाल, उदयवीर सिंह, अभय सिंह सेंगर, दुष्यंत साहनी, प्रदीप सिंघल, महेश मुदगल, सांईदीप पमनानी आदि के द्वारा भी प्रश्न पूछे गए ।

# GeM पर विशेष कार्यशाला आयोजित



GeM पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन दिनांक 25 अगस्त को 'चेम्बर भवन' में किया गया । इस अवसर पर भोपाल से पधारे विशेषज्ञ व स्टेट मैनेजर ट्रेनिंग-श्री मुजम्मिल कुरैशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस एक ऐसा प्लेटफार्म है, जो मेक इन इण्डिया उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है । सरकारी विभागों द्वारा जो कुछ खरीदा जाएगा, वह इस यूनिफार्म प्लेटफार्म से खरीदा जाएगा । इसकी स्थापना वर्ष 2016 में की गई थी । पिछले 10 वर्ष में 20 लाख करोड़ से ऊपर का बिजनिस इस पर किया जा चुका है । केन्द्र सरकार के विभाग जो भी खरीद करते हैं, उसकी 25% खरीद उन्हें एमएसएमई से ही करना होती है । 20 लाख करोड़ में से 40% की खरीदी एमएसएमई से ही की गई है । अधिकतम 45 दिन में भुगतान एमएसएमई को मिले, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है ।

श्री कुरैशी ने कार्यशाला में बताया कि GeM पोर्टल पर 10500 से ज्यादा प्रॉडक्ट कैटेगरी एवं 350 से ज्यादा सर्विस कैटेगरी उपलब्ध हैं । आप पोर्टल एक रजिस्ट्रेशन के साथ दोनों कैटेगरी में कारोबार कर सकते हैं । आपने बताया कि जब आप अपना कैटलॉग फाइल करें, तो ज्यादा स्पेशीफिकेशन रखें, ताकि वह ज्यादा से ज्यादा विजिवल हो । आपने बताया कि गत वर्ष सरकार ने एमएसएमई के लिए कॉशन मनी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है । सेलर के लिये GeM पोर्टल पर दो सेशन डेली ऑनलाइन लाइव उपलब्ध रहते हैं । जहाँ पर आप रजिस्ट्रेशन से लेकर अपनी इन्वाइस तक की क्वेरी कर सकते हैं, ट्रेनर डेली यह लाइव सिखाते हैं । GeM पोर्टल पर वेबिनार पर जाकर आप यह सेशन अटेण्ड कर सकते हैं । इस पोर्टल पर जब भी किसी बिड में भाग लें, तब उद्यम सर्टिफिकेट अपलोड करने के लिए वहाँ एक अलग लॉग होता है । उद्यम रजिस्ट्रेशन को यहीं अपलोड करें, ताकि सिस्टम आपको एमएसएमई के रूप में डिटेक्ट कर सके ।

श्री कुरैशी ने GeM पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन से लेकर Business Opportunities एवं Product/Services की Demand देखना Bid में भाग लेने की प्रक्रिया Catalogue Manangement, Order Fulfillment एवं Order Process पर विस्तार से पॉवर पॉइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से कार्यशाला में जानकारी प्रदान की ।

कार्यशाला में डिप्टी डायरेक्टर, एमएसएमई-ग्वालियर श्री राजीव कुमार जी ने बताया कि GeM पोर्टल का लाभ लेने के लिये उद्यम रजिस्ट्रेशन आवश्यक है। इसे बहुत आसानी के साथ वेबसाइट https://www.udyamregistration.gov.in पर जाकर जनरेट किया जा सकता है । अब एमएसएमई श्रेणी में निर्माता, सर्विस प्रदाता तथा व्यसायी भी आ गये हैं । अब तक 9 करोड़ से ज्यादा उद्यम रजिस्ट्रेशन जनरेट हो चुके हैं। कार्यशाला में सवाल-जवाब सेशन में कारोबारियों ने अपनी जिज्ञासाओं संबंधी प्रश्न किए, जिनका उत्तर श्री मुजम्मिल कुरैशी द्वारा दिए गए ।

कार्यशाला के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि आशा है कि आज की इस कार्यशाला से हम सभी लाभांवित होंगे। इस कार्यशाला के बाद भी यदि आपकी कोई जिज्ञासा रहेगी, तो उसके लिए आगे भी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यशाला का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया।

अंत में आभार, कोषाध्यक्ष–मनोज अग्रवाल द्वारा किया गया। बैठक में संयुक्त अध्यक्ष–सुरेश बंसल, उपाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण–सर्वश्री आशीष अग्रवाल, आशीष कालानी, श्याम कुमार बंसल 'अप्पा', राजेन्द्र मल्होत्रा, मनोज सरावगी, ताराचन्द गर्ग, आशीष जैन सहित सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

## सदस्य उपलब्धि

### श्री विनोद गर्ग, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नियुक्ति



भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा सदस्य–श्री विनोद गर्ग जी को 'प्रदेश सह संयोजक' नियुक्त किया गया है। श्री गर्ग जी की उपरोक्त नियुक्ति पर पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## अगस्त 2026 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* जिलाधीश–श्रीमती रुचिका चौहान एवं आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, मुरार अग्निकांड की जाँच किए जाने एवं प्रभावित व्यापारियों को राहत दिए जाने सहित फायर ब्रिगेड की लापरवाही की जाँच कर, दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही किए जाने की माँग की गई।
* प्रभारी मंत्री–माननीय श्री तुलसी सिलावट, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल एवं कलेक्टर–ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, बिड़ला फैक्ट्री चौराहा से चेतकपुरी तक के सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की माँग की गई।
* प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री–डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर में सिटी बस सेवा प्रारम्भ करने की माँग की गई।
* सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह को पत्र प्रेषित कर, ट्रान्सपोर्ट नगर की मुख्य सड़क का शेष कार्य पूर्ण कराने सहित अन्य सड़कों के निर्माण हेतु भी पर्याप्त धनराशि की स्वीकृति प्रदान कराने की माँग की गई।
* प्रमुख सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, म. प्र. को मध्यप्रदेश विधिक मापविज्ञान नियम–2011 में प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्तियाँ एवं सुझाव प्रेषित किए गए।
* आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'चेम्बर भवन' के पीछे स्थित गली को अतिक्रमण से मुक्त कर, सफाई कराए जाने की माँग की गई।

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका



# ग्वालियर एयरपोर्ट पर हवाई सेवाओं का समर शेड्यूल

**(Summer Flight Schedule period 29.03.26 to 24.10.26)**

| DAYS | S. No. | Operator Name | FLIGHT NO | TYPE OF AIRCRAFT | ORIGIN | S.T.A | FLIGHT NO | DESTINATION | S.T.D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MONDAY | 1 | AKASA AIR | QP - 1572 | B737-8MAX | DEL-GWL | 10:50 | QP - 1573 | GWL-DEL | 11:40 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |
| TUESDAYS | 1 | AIR INDIA EXPRESS | IX- 2361 | B737-8MAX | BLR-GWL | 8:05 | IX-2362 | GWL-BLR | 08:35 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-6454 | A320N | DEL-GWL | 14:55 | 6E-6455 | GWL-DEL | 15:30 |
| WEDNESDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |
| THURSDAY | 1 | AIR INDIA EXPRESS | IX- 2361 | B737-8MAX | BLR-GWL | 8:05 | IX-2362 | GWL-BLR | 8:35 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-6454 | A320N | DEL-GWL | 14:55 | 6E-6455 | GWL-DEL | 15:30 |
| FRIDAY | 1 | AKASA AIR | QP-1572 | B737-8MAX | DEL-GWL | 10:50 | QP - 1573 | GWL-DEL | 11:40 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |
| SATURDAY | 1 | AIR INDIA EXPRESS | IX- 2361 | B737-8MAX | BLR-GWL | 8:05 | IX-2362 | GWL-BLR | 8:35 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-6454 | A320N | DEL-GWL | 14:55 | 6E-6455 | GWL-DEL | 15:30 |
| SUNDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा सागर प्रिन्टर्स, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917